<u>बीएचईएल को 'सौर ऊर्जा में सर्वश्रेष्ठ योगदान' के लिए सीबीआईपी पुरस्कार-2022 से सम्मानित किया गया</u>

नई दिल्ली, 4 मार्च: बीएचईएल को 'सौर ऊर्जा में सर्वश्रेष्ठ योगदान' के लिए सीबीआईपी पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया है। सीबीआईपी दिवस के अवसर पर बीएचईएल की ओर से यह पुरस्कार डॉ. नलिन सिंघल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीएचईएल तथा सुश्री रेणुका गेरा, निदेशक (आईएस एंड पी) ने माननीय केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर के सिंह से प्राप्त किया। सीबीआईपी द्वारा ये पुरस्कार जल, विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किए जाते हैं।

*****